


# रंगभूमि

बिलासपुर, बुधवार, 4 मार्च 2026




## खबर संक्षेप

### स्वास्थ्य कर्मी ने लौटाया 15 हजार रूपए व मोबाइल

**कोरबा।** नशे में धुत युवक बुलेट सहित सड़क पर जा गिरा। हादसे में युवक के सिर, पीठ सहित शरीर के अन्य अंगों में गंभीर चोटें आई। राहगीरों की सूचना पर पहुंची डॉयल 112 की टीम ने युवक को बेहोशी की हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल दाखिल कराया। अस्पताल के कर्मचारियों ने सिर्फ अपने दायित्वों का निर्वहन किया, बल्कि ईमानदारी की मिसाल भी पेश की उन्होंने जेब में रखे 15 हजार 10 रूपए नगदी सहित मोबाइल को पुलिस के सुपुर्द किया, जिसे पुलिस ने सेहत में सुधार होने पर युवक को सौंप दिया है।

### पूर्व मंत्री के निवास स्वर्ण सिटी में होली मिलन समारोह आज

**कोरबा।** होली के पावन एवं उल्लासपूर्ण पर्व के उपलक्ष्य में दर्री रोड स्थित स्वर्ण सिटी में 4 मार्च को प्रातः 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक होली मिलन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह वार्षिक आयोजन पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल के सान्निध्य में संपन्न होगा। प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला यह होली मिलन समारोह सर्वसाधारण के लिए खुला है, जिसमें क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, गणमान्य नागरिक, विभिन्न सामाजिक एवं राजनीतिक संगठनों के पदाधिकारी, कार्यकर्ता तथा आमजन सादर आमंत्रित हैं। कार्यक्रम के दौरान रंग-गुलाल, पारंपरिक होली गीत-संगीत एवं आत्मीय मिलन के माध्यम से आपसी प्रेम, भाईचारा, सौहार्द और सामाजिक समरसता का संदेश दिया जाएगा। जयसिंह अग्रवाल ने समस्त क्षेत्रवासियों से आग्रह किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस उत्सव को अपनी गरिमामयी उपस्थिति से सफल एवं यादगार बनाएं तथा हर्षोल्लास के साथ होली पर्व का आनंद लें।

### कुसमुण्डा सड़क मरम्मत की मांग

**कोरबा।** छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्याक विभाग के प्रदेश सचिव मो. इरशाद अली ने कलेक्टर को पत्र लिखा है जिसमें उन्होंने उल्लेख किया है कि कोरबा कुसमुण्डा (चौक-ईमलीझापर) सड़क मार्ग कई वर्षों से अत्यंत जर्जर स्थिति में है। एसईसीएल कुसमुण्डा गेवरा दीपका द्वारा इस जर्जर मार्ग का उपयोग कोयला परिवहन हेतु किया जाता है पर इसमे कोई मरम्मत (नवीन) का कार्य नहीं किया जाता है। एसईसीएल कुसमुण्डा के अधिकारियों द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है और जिससे खराब सड़क के कारण दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है और आये दिन दुर्घटनाएं होती रहती है। छोटे बच्चे और बुर्जुग लोग सड़कों के गढ्ढों पर आये दिन चोटिल होते रहते है। वाहन चालकों भी इस गड्डों से बचने के लिए बहुत ही सावधानी बरतनी पड़ती है। अगर इस सड़क मार्ग की समस्या को जल्द से जल्द निराकरण नहीं किया तो कांग्रेस अल्पसंख्यक तथा स्थानीय लोगों के द्वारा आंदोलन तथा चक्का जाम गेवरा दीपका प्रबंधन की होगी किया जायेगा। जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी जिम्मेदारी एसईसीएल कुसमुण्डा की होगी।

### कलेक्टर ने कोटपा एक्ट के सख्त पालन के दिए निर्देश

**कोरबा।** जिले में मादक पदार्थों की उपलब्धता, सेवन एवं अवैध बिक्री पर पूर्ण नियंत्रण स्थापित करने के उद्देश्य से कलेक्टर कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट सभाकक्ष में नारकोटिक्स को-ऑर्डिनेशन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में बढ़ रही मादक पदार्थों की गतिविधियों पर कलेक्टर ने सभी संबंधित विभागों को समन्वित एवं प्रभावी कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया। कलेक्टर ने स्पष्ट रूप से कहा कि जिले में किसी भी प्रकार की अवैध बिक्री, भंडारण या उपयोग की गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी और ऐसे तत्वों के विरुद्ध कड़ी वैधानिक कार्रवाई अनिवार्य रूप से की जाए।

# जमीन रजिस्ट्री पर लगे प्रतिबंध से लक्ष्य प्राप्ति की राह कठिन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

बीते एक वर्ष से अधिक समय से कोरबा तहसील के 21 ग्रामों के जमीनों की खरीदी बिक्री और पंजीयन में लगे प्रतिबंध की वजह से पंजीयन विभाग को दूसरे वर्ष भी राजस्व लक्ष्य की प्राप्ति कठिन हो जा रही है। बीते 2 वर्ष से जिला मुख्यालय का पंजीयन विभाग इसी तरह की विषम स्थिति का सामना कर रहा है।

जमीन रजिस्ट्री के लिए जिला मुख्यालय के पंजीयन विभाग को विषम परिस्थितियों का सामना करना पड़ रहा है। जिससे विभाग को मिलने वाला प्रतिवर्ष का राजस्व लक्ष्य तक पहुंचना मुश्किल हो रहा है। अक्टूबर 2024 से कोरबा तहसील के अंतर्गत आने वाले 21 ग्रामों के जमीनों के रजिस्ट्री पर रोक लगने के कारण लगभग दस्तावेज पंजीयन के काम बंद पड़े हुए हैं जो भी दस्तावेज पंजीयन हो रहे हैं वह शहर के जमीनों के ही ज्यादा हैं इनके अलावा शहर से लगे हुए दादर, नकटीखार, खरमोरा, रिसदा, झगरहा, रिसदी, पाड़ीमार, भुलसीडीह जैसे ग्रामों की जमीनों की खरीदी बिक्री बंद पड़ी हुई है। इनका कारण इन ग्रामों से गुजरने वाली एनएचएआई की सड़क है। जिसके लिए जमीन अधिग्रहण करने का काम बाकी है और अब तक ना तो एनएचएआई ने अपने नए एलाइमेंट प्रकाशित किया है और ना ही कोई सर्वे की तैयारी की है। यही कारण है कि 21 ग्रामों के जमीनों की रजिस्ट्री पर लगे प्रतिबंध को नहीं हटाया गया।

### कोरबा तहसील के 21 ग्रामों की जमीनों की रजिस्ट्री में लगा है प्रतिबंध

**खास बात**

- बीते 2 वर्ष से जिला मुख्यालय का रजिस्ट्रार कार्यालय में दस्तावेज पंजीयन हुए कम




### नई दर लागू होने से मिली है राहत

प्रदेश सरकार के द्वारा औद्योगिक विकास के मद्देनजर प्रदेश के कुछ बड़े जिलों की जमीनों के दाम नवंबर 2025 में बढ़ाए थे जिसका पुरजोर विरोध होने के कारण उसमें कुछ संशोधन करते हुए जमीन के कीमतों की नई दरें 29 जनवरी को जारी की गई। उससे पंजीयन विभाग को राजस्व आय प्राप्त करने की दिशा पर राहत मिल रही है लेकिन एकाएक जमीन की कीमत बढ़ने से जमीन के कार्य में निवेश करने वाले ही दिलचस्पी ले रहे हैं। मकान की जरुरत समझने वाले जमीन की कीमतों को लेकर संशय में बने हुए हैं।

## सोमवार की आधी रात जली थी होली

# होलिका दहन के एक दिन बाद आज मनाया जाएगा रंगों का त्यौहार होली

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

चंद्रग्रहण की वजह से होलिका दहन के एक दिन बाद रंग खेलने का अवसर पिछले अंतराल बाद आया है। सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात होलिका दहन होने के बाद दूसरे दिन मंगलवार को इस बार होली नहीं खेली गई। मंगलवार शाम 7 बजे के बाद चंद्रग्रहण की स्थिति समाप्त होने पर शुरु हुई चैत्र प्रतिपदा की तिथि बुधवार शाम तक लगी रही और इसी तिथि में ही रंग खेलने का मुहूर्त बताया गया है और इस पौराणिक मुहूर्त के अनुसार आज बुधवार को समूचा अंचल रंग से सराबोर रहेगा। जिसका इंतजार लोगों को बना हुआ था।

**खास बात**

- मंगलवार को शहर की गलियों में नहीं उड़ा होली का रंग

रंगों के त्योहार की धूम शहर समेत उपनगरों में एक सप्ताह पूर्व से ही दिखने लगी। बाजार में जहां देखो, वहां रंग व गुलाल की दुकानें सजी हुई हैं। त्योहार की खुशियां मनाने के लिए लोगों की भीड़ बाजार में बढ़ गई है। लोग जरूरी सामग्री की खरीदारी करने बाजार में पहुंच रहे हैं। इसके कारण हर तरफ रंगोत्सव का माहौल बना हुआ है। सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात होलिका दहन होने के बाद दूसरे दिन मंगलवार को इस बार होली नहीं खेली गई। मंगलवार शाम 7 बजे के बाद चंद्रग्रहण की स्थिति समाप्त होने पर शुरु हुई चैत्र प्रतिपदा की तिथि बुधवार शाम तक लगी रही और इसी तिथि में ही रंग खेलने का मुहूर्त बताया गया है और इस पौराणिक मुहूर्त के अनुसार आज बुधवार को समूचा अंचल रंग से सराबोर रहेगा। होली त्योहार को लेकर बाजार में होली के सामान रंग, गुलाल, पिचकारी, टोपीया, गुब्बारे, नकली बाल सहित अन्य सामानों स्टॉल सजकर तैयार हो चुके है। नगर की दुकानों में रविवार को ग्राहकों की भीड़ के साथ बाजार में रौनक थी। रंग गुलाल का पर्व होली हर्षोल्लास के साथ नगर सहित आसपास के गांवों में मनाई जाएगी, जिसके लिए बच्चे सहित सभी वर्गों के लोग अपनी अपनी तैयारी में जुट गए है, इधर बाजार में होली से संबंधित सामानों से सजी दुकानों में ग्राहकों की भीड़ दिनभर नगर में देखने को मिली।



पुराने बस स्टेंड में होलिका पूजन करते अग्रवाल समाज के सदस्य।

### मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री हुई तेज

होली का त्योहार नजदीक आते ही मिलावटी खाद्य पदार्थों का धंधा बढ़ जाता है। छोटी-बड़ी दुकानों में मिलावटी खाद्य सामग्रियों की बिक्री तेज हो गई है। दूध, खोया, पनीर, छेना व इससे निर्मित मिठाइयों की दुकानें सजने लगीं है। दुकानदार अधिक लाभ के लिए मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री धड़ल्ले से कर रहे हैं। बाजारों में मिलावटी मिठाई व अन्य खाद्य पदार्थों की बिक्री बढ़ गई है। ग्राहकों को मनमाने ढंग से ठगा जा रहा है। लोगों ने मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री पर रोक लगाने की मांग की है। होली पर्व के मद्देनजर खाद्य एवं औषधि प्रसाधन विभाग द्वारा दो दिन पूर्व ही शहर के घंटाघर, निहारिका, टीपी नगर, कोरबा सहित अन्य जगहों पर संचालित मिष्ठान्न भंडारों एवं डेयरी का निरीक्षण कर सैंपल संग्रहित किया गया था।

### धूमधाम से हुआ होलिका दहन, लोगों ने पारंपरिक विधि-विधान से की पूजा-अर्चना

**कोरबा।** ठाकुर देवता पोड़ीबहार मोहल्ले में सोमवार की रात शुभ मुहूर्त पर पारंपरिक विधि-विधान के साथ होलिका दहन किया गया। मोहल्ले में श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। होलिका दहन को पापो के नाश और नए जीवन के आरंभ का प्रतीक माना जाता है। अग्नि देवता को साक्षी मानकर होलिका की परिक्रमा करना आत्मशुद्धि का संकल्प माना जाता है। इस अवसर पर लोगों ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं और मिठाइयां बांटी। होलिका दहन ने हमें यह संदेश दिया कि सच्चाई और अच्छाई की हमेशा जीत होती है। इस कार्यक्रम में मोहल्ले के सभी लोगों की सहभागिता रही। होली पर्व को लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। बुधवार को रंगों का पर्व धूमधाम से मनाए जाने की तैयारी है।



### कार्टूनिस्ट पिचकारियों की रही डिमांड



इस बार युवा हर्बल रंग खरीदने को वरीयता दे रहे हैं। अधिकांश दुकानों पर चीन निर्मित सामान नहीं देखने को मिल रहा है। शहर के सर्कस मैदान में सजाए पिचकारियों के बाजार के विक्रेताओं ने बताया कि पिछले कुछ वर्षों से चायनीज सामान की डिमांड में कमी आई है। इस बार होली पर छोटा भीम, डोरीमोन, पांडा, मोटू-पतलू व फेंटम की पिचकारियों की धूम देखने को मिल रही है। बच्चों में इन पिचकारियों का अच्छा खासा क्रेज है। इनके अलावा कई कार्टून से लेकर बंदूक, टैंक और बार्बी जैसे तमाम करेक्टर की दर्जनों से अधिक पिचकारियां व ईको फ्रेंडली गुलाल और रंग से दुकान पटे हैं।

## श्री सप्तदेव मंदिर में श्री श्याम जी की फाल्गुन मास की बारस धूमधाम से मनीं



मंगलपाठ करती महिलाएं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

श्री सप्तदेव मंदिर में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्री श्याम जी की बारस फाल्गुन महोत्सव शनिवार को श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ धूमधाम से सम्पन्न हुआ। फाल्गुन मास की बारस मंदिर के प्रमुख वार्षिक उत्सवों में से एक है, जिसमें बडी संख्या में भक्तजन श्री श्याम बाबा के दर्शन हेतु मंदिर में उपस्थित होते हैं।

इस अवसर पर मंदिर के श्री श्याम परिसर को आकर्षक पुष्प सज्जा, रंग-बिरंगी विद्युत झालरों से भव्य रूप से सजाया गया। मंदिर का वातावरण भक्तिमय भजनों, जयकारों और दीपों से आलोकित रहा। संगीतमय श्री श्याम अखण्ड ज्योतपाठ हेतु रायपुर की प्रसिद्ध भजन गायिका श्रीमती राजकुमारी गुप्ता एंड पार्टी को विशेष रूप से कोरबा आमंत्रित किया गया। श्रीमती राजकुमारी गुप्ता के द्वारा संगीतमय श्री अखण्ड श्याम ज्योतपाठ एवं भजन संध्या की मनमोहक प्रस्तुति दी गई जिसे सुन श्री श्याम भक्त झूम उठें। दोपहर 2 बजे से रात्रि 8.30 बजे तक हुए इस कार्यक्रम को सायं 6 बजे अल्प विराम दिया गया। इस अवसर पर श्री सप्तदेव मंदिर मे साल भर श्री श्याम जी का पाठ करने वाली श्री श्याम भक्त महिलाओं को मंदिर के ट्रस्टियों के द्वारा सम्मानित किया गया। तत्पश्चात पुनः 6.30 बजे से रात्रि 8.30 बजे तक श्री श्याम अखण्ड पाठ हुआ जिसमें बडी संख्या में भक्तगण सम्मिलित हुए। संगीतमय कार्यक्रम के समापन पर श्री श्याम जी को विधि-विधानपूर्वक छप्पन भोग अर्पित किया गया। इसके पश्चात धमाल एवं भव्य महाआरती संपन्न हुई। महाआरती के बाद भक्तजनों ने अत्यंत उत्साह और प्रेम के साथ श्री श्याम बाबा के साथ फूलों की होली खेली। फूलों की होली के पश्चात रात्रि 9 बजे से 11 बजे तक हुए भंडारा कार्यक्रम में सैंकडों भक्तजनों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम के अंत में श्री सप्तदेव मंदिर के प्रमुख ट्रस्टी अशोक मोदी ने उपस्थित समस्त श्याम भक्तों का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भक्तों की आस्था और कार्यक्रम में निःस्वार्थ भाव से सम्मिलित होने से ही ऐसे धार्मिक आयोजन भव्य रूप से संपन्न हो पाते हैं।

### आटो ने बाइक सवार महिला को मारी ठोकर, घायल

**कोरबा।** बालको थाना क्षेत्र के नेहरू नगर दुर्गा चौक के पास ई ऑटो रिक्शा द्वारा बाइक सवार महिला को अपनी चपेट में ले लिया जिससे बाइकर सवार महिला घायल हो गई है। जानकारी के अनुसार निर्मला राजपूत अपने पति मोहन सिंह के साथ बाइक में सवार होकर घर लौट रही थी तभी पीछे से आ रहे ऑटो चालक ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। महिला के सिर में गंभीर चोट आई है। वहीं घटना के बाद ऑटो चालक मौके से फरार हो गया है।

# मानिकपुर विस्तार परियोजना में फंसी उरगा-कटघोरा फोरलेन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एनएचएआई की उरगा-कटघोरा हाईवे की फोरलेन सड़क के लिए 10 साल बाद भी जमीन फाइनल नहीं हो पाई है। मानिकपुर कोयला खदान के विस्तार से मामला फिर फंसा हुआ है। इसके लिए कोल मंत्रालय को प्रस्ताव भेजा जाएगा। मंजूरी मिलने के बाद सर्वे होगा। दूसरी बार एलाइनमेंट चेंज करने की तैयारी है। 51 गांवों की जमीन की खरीदी बिक्री पर 1 साल से रोक लगी है, जिससे लोग परेशान हैं।

**खास बात**

- एक बार फिर कोल मंत्रालय को भेजा जाएगा प्रस्ताव

नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने वर्ष 2017 में चांपा से कटघोरा के बीच फोरलेन सड़क को दो चरणों में बनाने का निर्णय लिया था। पहले चरण में उरगा से चांपा के बीच सड़क बन चुकी है। यह फोरलेन सड़क बरबसपुर से बालको रिंग रोड पर कुरूडीह मोड़ के पास आकर रुक गई है। दूसरे चरण में उरगा से कटघोरा फोरलेन सड़क बननी है। इसके लिए पहले 999 करोड़ रुपए की मंजूरी मिली थी। उस समय सड़क की लंबाई 40 किमी थी, लेकिन लोगों ने अधिक मुआवजा पाने जमीन के कई टुकड़े कर दिए। पहले परसाभाठा, जामबहार से होकर फोरलेन सड़क बननी थी, लेकिन बाद में एलाइनमेंट ही बदल दिया गया। अब यह सेक्टर-4 के बाहर से बेला होते हुए गुजरेगी। इसके लिए सितंबर 2024 में 42.1 किमी सड़क बनाने 1593 करोड़ रुपए की मंजूरी दी गई। सर्वे के लिए एनएचएआई की टीम गूगल नक्शे का परीक्षण किया तो वहां कोल ब्लॉक और लिथियम ब्लॉक नजर आ रहा है। दोनों ही खदानों की सीमा अभी तय नहीं है। इस वजह से जमीन अधिग्रहण के लिए खसरा नंबर तय नहीं हो पा रहा है। अब कोयला मंत्रालय से मंजूरी लेने के बाद सर्वे कराया जाएगा। इससे सबसे अधिक परेशान ग्रामीण हैं। प्रशासन ने प्रस्तावित गांव की जमीन को बिना अनुमति के खरीदी बिक्री पर रोक लगाई है। इसमें निगम क्षेत्र की बस्ती भी प्रभावित है। जमीन की खरीदी-बिक्री पर रोक लगने की वजह से परिवार के बीच बंटवारा नहीं कर पा रहे हैं। डायवर्सन नहीं हो रहा है। निगम से मकान बनाने एनओसी नहीं मिल रही है। किसी तरह का बड़ा प्रोजेक्ट भी यहां शुरू नहीं हो पा रहा है। इसकी वजह से लोग परेशान हैं। खरीदी बिक्री पर रोक नवंबर 2024 से लगी है। सर्वे नहीं होने के कारण यह भी तय नहीं है कि कहां कितनी जमीन अधिग्रहित की जाएगी।




# कोरबा पश्चिम संयंत्र के राखड़ बांध का तटबंध क्षतिग्रस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छग राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी के 840 मेगावाट विद्युत उत्पादन क्षमता वाले एचटीपीपी संयंत्र से उत्सर्जित राख के विस्थापन के लिए ग्राम झाबू-लोतलोता के पास राखड़ बांध का निर्माण किया गया है। जिसका तटबंध एक बार फिर क्षतिग्रस्त हो गया है। तटबंध के क्षतिग्रस्त होने से राखड़ मिश्रित पानी हसदेव नदी सहित आसपास के क्षेत्र को प्रदूषित कर रहा है। इस बांध में संयंत्र से पानी मिश्रित राख भेजी जाती है। बांध काफी पुराना होने की वजह से भर चुका है, इससे निपटने के लिए प्रबंधन द्वारा कई बार बांध की ऊंचाई भी बढ़ाई जा चुकी है।

**खास बातें**

- ग्राम झाबू लोतलोता स्थित राखड़ बांध का मामला
- आसपास क्षेत्र सहित नदी नालों में तेजी से बह रही राख

उल्लेखनीय है कि राखड़ बांध भर जाने की वजह से दबाव पड़ने पर उसका तटबंध एकाएक टूट गया। इसके साथ ही पानी मिश्रित राख का सैलाब बाहर निकल पड़ा। धीरे-धीरे तटबंध का काफी चौड़ा हिस्सा बह गया और काफी मात्रा में राख निकल कर आसपास क्षेत्र में फैल गई। इसके साथ ही हसदेव नदी की ओर बहने लगी। स्थानीय लोगों का आरोप लगाते हुए कहना हैं कि नदी में राख मिलने से पानी पूरी तरह प्रदूषित हो जाएगा और सफेद दिखाई देने लगता है। वहीं आसपास फैली राख से ग्रामीणों को काफी काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गर्मी शुरू हो चुकी है, ऐसी स्थिति में तेज धूप की वजह से पानी सूख जाएगा और सूखी राख हवा में उड़ कर ग्रामीणों के घर एवं खाना में जाएगी। राख की वजह से ग्राम झाबू, नवागांव, पुरैनाखार, धनरास, लोतलोता, चारपारा, मड़वामहुआ, ढांडपारा सहित अन्य ग्राम के निवासियों को एक बार फिर मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा। उल्लेखनीय हैं की एचटीपीपी के राखड़ बांध टूटने की यह कोई पहली घटना नही है, लगभग दो माह पहले भी राखड़ बांध फूटा था और काफी मात्रा में राखड़ हसदेव नदी में समाहित हुई थी, जो बाद में नहर के माध्यम से किसानों के खेत पहुंच गई थी। यही स्थिति दोबारा निर्मित होने की संभावना बन गई है। सिविल विभाग के कार्यपालन अभियंता नारायण पटेल का कहना है कि राखड़ बांध ओव्हरफ्लो हुआ है। इससे कुछ राख बाहर निकली है। सुधार कार्य शुरू कर दिया गया है, जल्द स्थिति स्थिति सामान्य हो जाएगी। गिरा भारी वाहन, ठेकेदार ने बांध तोड़कर निकाला बाहर जानकारी के अनुसार राखड़ बांध की ऊंचाई बढ़ाने का काम चल रहा था। इसी दौरान काम में लगा एक भारी वाहन अनियंत्रित होकर सीधे राखड़ बांध में जा गिरा। उस समय बांध में पानी भरा होने के कारण वाहन को बाहर निकालना संभव नहीं हो पा रहा था। ग्रामीणों का आरोप है कि वाहन निकालने के लिए ठेकेदार ने नियमों को दरकिनार करते हुए राखड़ बांध को ही तोड़ दिया। बांध टूटते ही राख मिली पानी की धार बाहर निकल गई, जिससे आसपास के क्षेत्र में राख फैल गई। इसके बाद वाहन को बाहर निकाला गया। घटना के बाद ग्रामीणों ने विरोध जताया। इस पर एचटीपीपी के अधिकारियों ने राख की सफाई कराने का आश्वासन दिया। आंशिक रूप से सफाई भी कराई गई, लेकिन पूरी राख हटाई नहीं जा सकी थी और राखड़ बांध पुनः टूट गया।



तटबंध टूटने से बहता राखड़।


## खबर संक्षेप

### साक्षी ने चार्टर्ड अकाउंटेंट परीक्षा में हासिल की सफलता



**अंबिकापुर।** शहर की होनहार छात्रा साक्षी अग्रवाल ने चार्टर्ड अकाउंटेंसी की कठिन परीक्षा उत्तीर्ण कर शहर का मान बढ़ाया है। साक्षी, अमरजीत अग्रवाल (टिट्टू) एवं श्रीमती अंजना अग्रवाल की सुपुत्री हैं। साक्षी ने अपनी प्रारंभिक एवं स्कूली शिक्षा कार्मेल स्कूल से प्राप्त की। प्रारंभ से ही मेधावी रही साक्षी ने अपनी लगन और परिश्रम के बल पर यह महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। इस अवसर पर उनके हरिराम अग्रवाल, रोशन अग्रवाल एवं अनिल अग्रवाल (माही) ने साक्षी को आशीर्वाद देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मोरखी परिवार में इस उपलब्धि को लेकर हर्ष और गर्व का वातावरण है। साक्षी ने अपनी सफलता का श्रेय अथक परिश्रम, दृढ़ संकल्प माता-पिता एवं परिवार का हर कदम पर सहयोग एवं बड़ों के आशीर्वाद को दिया है। मित्रों एवं शुभचिंतकों ने भी उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

### चाहत ने प्रथम प्रयास में सीए की परीक्षा उत्तीर्ण की



**बिश्रामपुर।** नगर के मुख्य बाजार स्थित महालक्ष्मी फर्नीचर एवं इलेक्ट्रॉनिक दुकान संचालक श्याम सुंदर गर्ग के पुत्र चाहत गर्ग ने अपने प्रथम प्रयास में ही चार्टर्ड अकाउंटेंट सीए की कठिन परीक्षा उत्तीर्ण कर क्षेत्र को गौरवान्वित किया है,उनकी इस उपलब्धि से पूरे नगर में हर्ष का माहौल है,चाहत ने अपनी लगन और आत्मविश्वास के दम पर यह मुकाम हासिल किया है,गौरतलब है कि चाहत शुरू से ही पढ़ाई में मेधावी रहे हैं,उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा बिश्रामपुर में ही प्राप्त की और आगे की पढ़ाई के दौरान सीए बनने का लक्ष्य तय कर लिया था। परिवार का सहयोग और शिक्षकों का मार्गदर्शन उनके लिए प्रेरणा का स्रोत बना। पुत्र की सफलता पर पिता श्याम सुंदर गर्ग ने कहा कि यह पल उनके जीवन का सबसे गर्वित क्षण है। उन्होंने बताया कि चाहत ने दिन-रात मेहनत कर यह सफलता अर्जित की है और यह प्रेरणादायक है।

### सेवानिवृत्ति पर सुखराम का किया गया सम्मान



**राजपुर।** ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी व संघ के जिला कोषाध्यक्ष सुखराम भगत के सेवानिवृत्त होने पर सम्मान व विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिला अध्यक्ष सह प्रांतीय संगठन सचिव रीझन एक्का के नेतृत्व में आयोजित समारोह में संघ के जिला उपाध्यक्ष श्याम साय पैकरा सहित अन्य पदाधिकारियों, सदस्यों एवं कृषि विकास विभाग के अधिकारियों ने श्री भगत के सेवा काल को स्मरण करते हुए सराहना की। इस अवसर पर वक्ताओं ने खेद व्यक्त किया कि श्री भगत ने 27 वर्षों तक विभाग में एक ही पद पर कार्य करते हुए सेवा दी, जबकि सेवा अवधि में दो पदोन्नति विभागीय नियमों के अंतर्गत अपेक्षित थीं। उन्होंने लगभग सात वर्षों तक पदोन्नति के लिए संघर्ष किया, किंतु बिना पदोन्नति के ही सेवानिवृत्त होना पड़ा। कार्यक्रम में महिला प्रकोष्ठ से श्रीमती किरण टोप्पो, श्रीमती प्रभा खलसो, श्रीमती प्रभामणी एक्का, श्रीमती कुमुद टोप्पो सहित चंदन कुमार पन्ना, शिवशंकर भगत, रुदन बघेल, ओमप्रकाश भगत, सकसाय पैकरा, रामदेव तिग्गा, सरजू राम बेक, संजय भारती सहित अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

### जनदर्शन में जिला पंचायत सीईओ ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

**अम्बिकापुर।** संयुक्त जिला कार्यालय भवन के सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक पश्चात जनदर्शन का आयोजन किया गया। ग्रामीणों ने जनदर्शन में अपनी समस्याओं को जिला पंचायत सीईओ श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर के समक्ष रखा। उन्होंने ग्रामीणों से प्राप्त शिकायत एवं समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुन जनदर्शन में प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

### वर्दी हुई दागदार जशपुर में 24 पैकेट गांजा बरामद

# गांजा तस्करी के मामले में दो आरक्षक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले में नशे के खिलाफ चल रही मुहिम के बीच शनिवार को कोतवाली पुलिस ने ऐसी कार्रवाई की, जिसने पूरे पुलिस महकमे को झकझोर कर रख दिया। विवेकानंद कॉलोनी स्थित एक किराए के मकान से 24 पैकेट गांजा बरामद होने के बाद जब पूछताछ आगे बढ़ी तो तस्करी के तार सीधे पुलिस विभाग तक जा पहुंचे। मामले में दो आरक्षकों की गिरफ्तारी से सनसनी फैल गई है।

28 फरवरी को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि रवि विश्वकर्मा नामक व्यक्ति अपने किराए के मकान में भारी मात्रा में अवैध गांजा छिपाकर रखा है। सूचना मिलते ही थाना कोतवाली की टीम ने बिना देर किए विवेकानंद कॉलोनी में दबिश दी। रेड के दौरान घर में रखी एक पेटी से 24 पैकेट गांजा बरामद किया गया। बरामद माल को जब्त कर आरोपी रवि विश्वकर्मा को हिरासत में लिया गया।



गोविंद उर्फ सुनील भगत। रवि विश्वकर्मा। अमित त्रिपाठी। धीरेंद्र मधुकर।

#### कानून से ऊपर कोई नहीं

जशपुर पुलिस की इस कार्रवाई से साफ संदेश गया है कि अवैध नशे के कारोबार में लिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा, चाहे वह वर्दीधारी ही क्यों न हो। विभागीय स्तर पर भी आगे की कार्रवाई की तैयारी की जा रही है।

#### अभियान इसी तरह जारी रहेगा

जिले में होली से पहले लगातार हो रही इन कार्रवाईयों ने नशे के सौदागरों में हड़कंप मचा दिया है। पुलिस का कहना है कि अभियान आगे भी इसी तरह जारी रहेगा और जिले को नशामुक्त बनाने के लिए सख्त कदम उठाए जाएंगे।

#### पूछताछ में खुला बड़ा राज

सख्ती से पूछताछ करने पर रवि विश्वकर्मा ने बताया कि यह गांजा गोविंद उर्फ सुनील भगत ने पैसों के एवज में उसके घर में रखवाया था। पुलिस ने तत्काल सुनील भगत को भी गिरफ्तार कर लिया। मामले में थाना जशपुर में अपराध क्रमांक 74/26 के तहत धारा 20 (बी) एनडीपीएस एक्ट में प्रकरण दर्ज कर दोनों आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया।

#### विभाग में मचा हड़कंप

मामले ने उस समय और गंभीर रूप ले लिया जब आरोपी गोविंद उर्फ सुनील ने पूछताछ में खुलासा किया कि थाना तपकरा के आरक्षक क्रमांक 581 धीरेंद्र मधुकर उम्र 37 वर्ष एवं आरक्षक क्रमांक 392 अमित त्रिपाठी उम्र 35 वर्ष भी गांजा तस्करी में मिलकर काम कर रहे थे। जांच के दौरान दोनों आरक्षकों की संलिप्तता पाए जाने पर उन्हें भी गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया।

## दिन के तापमान में हो रही वृद्धि अब धूप से हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मार्च का महीना शुरू होते ही गर्मी ने अपने तेवर दिखाना शुरू कर दिया है। अब सूर्य के किरणों की उष्मा बढ़ने के कारण दिन के तापमान में लगातार वृद्धि हो रही है। मौसम विज्ञानी मध्य मार्च तक अच्छी गर्मी पड़ने एवं दिन का तापमान 35-36 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने का अनुमान लगा रहे हैं।

■ दिन का पारा पहुंचा 31 डिग्री के ऊपर

उत्तर भारत में लगातार सक्रिय हो रहे पछुआ विक्षोभ के प्रभाव से फरवरी का अंतिम सप्ताह मौसम की दृष्टि से उतार-चढ़ाव वाला रहा फिर भी दिन एवं रात का तापमान सामान्य रहा। विक्षोभ की सक्रियता से दो-तीन दिन तक रात के तापमान में वृद्धि दर्ज की गई थी। पहली बार फरवरी के अंतिम दिन का तापमान 31.9 डिग्री रिकॉर्ड किया गया था। इस दौरान उत्तर भारत में पछुआ विक्षोभ सक्रिय होने के कारण आसमान पर बादलों की आवाजाही जारी रही जिसके कारण रात का तापमान 15.5 डिग्री पहुंच गया था। विक्षोभ का असर खत्म होने के बाद रात के तापमान में लगातार गिरावट हो रही थी तथा मंगलवार को न्यूनतम तापमान 12.4 डिग्री सेल्सियस की सामान्य स्थिति में पहुंच गया है। मौसम विज्ञानी 4 एवं 6 मार्च को उत्तर भारत में लगातार दो पछुआ विक्षोभ सक्रिय होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं लेकिन कमजोर होने के कारण विक्षोभ का असर मध्य भारत तक पहुंचने की संभावना नहीं है। इस दौरान आसमान पर बादलों की आवाजाही बढ़ने का अनुमान लगाया जा रहा है। मौसम में आए बदलाव के कारण अब तापमान में लगातार वृद्धि होने एवं सूर्य की किरणों की उष्मा में क्रमशः वृद्धि होने की संभावना जताई जा ही है। वैसे भी सरगुजा में मार्च मध्य तक अच्छी गर्मी पड़ने लगती है तथा दिन का तापमान 35-36 डिग्री तक पहुंच जाता है। इस बार मानसून काल खत्म होने के बाद एक के बाद एक लगातार पछुआ विक्षोभ के सक्रिय होने के बावजूद अब तक वर्षा नहीं हुई है। इस आधार पर लोग इस बार भीषण गर्मी पड़ने की संभावना जता रहे हैं।

हालांकि मौसम विज्ञानी इस बार भी सामान्य गर्मी पड़ने की संभावना व्यक्त कर रहे है। मौसम विज्ञानी अक्षय मोहन भट्ट ने बताया कि ऐसा कोई मौसमी घटक सक्रिय नहीं है जिसके प्रभाव से अधिक गर्मी पड़े। मौसम कार्यालय द्वारा मंगलवार को न्यूनतम तापमान 12.4 डिग्री एवं अधिकतम तापमान 31.3 डिग्री रिकॉर्ड किया गया है।

## अलग-अलग घटनाओं में गंभीर दो लोगों की गई जान

**अम्बिकापुर।** गिरने की अलग-अलग घटनाओं में गंभीर हुए दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने दोनों मामलों में मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार बलरामपुर थाना अंतर्गत ग्राम धनोरा निवासी मनोज पासवान आ. स्व . हुब लाल (50 वर्ष) राजमिस्त्री का काम करता था। 2 मार्च को देव गुप्ता के यहां काम करने गया था। जैसे ही राजमिस्त्री दीवार को गिरने के लिए दीवार पर चढ़ कर ड्रिल करने लगा तभी अचानक नीचे गिर गया जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल राजमिस्त्री को मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। दूसरी घटना में बलरामपुर निवासी गांधी आ. नागेश्वर नागवंशी (34 वर्ष) 1 मार्च की रात शौच करने जा रहा था तभी अचानक गिर गया जिससे मौके पर ही अचेत हो गया। परिजन युवक को अचेत हालत में बलरामपुर अस्पताल में भर्ती कराया। युवक को होश नहीं होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया।

### साई कॉलेज में जमकर उड़े अबीर गुलाल

**अम्बिकापुर।** श्री साई बाबा आदर्श महाविद्यालय में प्राध्यापकों के साथ विद्यार्थियों ने जमकर होली का लुत्फ उठाया। दीप प्रज्ज्वलित कर प्राचार्य डॉ.राजेश श्रीवास्तव ने सभ को होली की शुभकामनाएं दी। विद्यार्थियों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली गीतों पर थिरकते रहे। पंजाब का भांगड़ा और भोजपुरी होली छायी रही। इस दौरान शैलेष देवांगन, डॉ.आरएन शर्मा, विवेक कुमार गुप्ता, अरविंद तिवारी, डॉ.दिनेश शाक्य सहित सभी प्राध्यापक और विद्यार्थी उपस्थित थे।

## होली में हुड़दंग करने वालों पर होगी कार्रवाई चौक-चौराहों पर तैनात की गई पुलिस टीम



हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

होली में हुडदंग करने वालों की खैर नहीं है। होली के दौरान जिले भर में पुलिस का कड़ा पहरा रहेगा। इस दौरान तेज आवाज में डीजे बजाने, असामाजिक तत्वों द्वारा उत्पात मचाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि 4 मार्च को होली के मद्देनजर एसएसपी राजेश अग्रवाल के निर्देश पर जिले में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए है और होली में हुडदंग करने वालों पर कार्रवाई का स्पष्ट निर्देश है। होली के मद्देनजर 8 राजपत्रित पुलिस अधिकारियों के नेतृत्व मे 75 निरीक्षक, एसआई, एएसआई सहित कुल 500 से अधिक पुलिस अधिकारी कर्मचारी तैनात किए गए है। इसके साथ ही जिले में कुल 67 फिक्स पिकेट, 28 पेट्रोलिंग पार्टी, महिलाओं की सुरक्षा हेतु विशेष महिला गश्ती दल लगातार शहर एवं आस पास के संवेदनशील क्षेत्रों में पेट्रोलिंग करेगी।

7 बाज बाइक पेट्रोलिंग टीम भी शहर के अंदरूनी मार्गो में भ्रमण कर असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई करेगी इसके साथ ही रक्षित निरीक्षक अम्बिकापुर के नेतृत्व में रिजर्व बल भी सक्रिय रखा गया है एवं जिले के प्रमुख जलाशयों में फिक्स पिकेट पुलिस टीम की तैनाती की गई हैं। एसएसपी श्री अग्रवाल ने होली के दौरान तीन सवार, नाबालिग व शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। होली के साथ ही वर्तमान में बोर्ड की परीक्षाएं भी संचालित है ऐसे में बिना अनुमति डीजे साउंड सिस्टम लगाने, विवादित गाना बजाने पर रोक लगाई गई है इसके साथ ही निर्धारित समय के बाद डीजे बजाने पर कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही लोगों को से आह्वान किया गया है कि वे किसी प्रकार का मुखौटा, ज्वलनशील पदार्थों का प्रयोग नहीं करें और जबरन किसी पर रंग ना लगाए। पुलिस द्वारा चौक चौराहों पर ब्रेथ ऐनालाईजर से शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।

## शराब पीने पर पिता ने जताई नाराजगी तो पुत्र ने टांगी से वार कर उतारा मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

होली की खुशियां उस समय मातम में बदल गई जब होलिका दहन की रात पुत्र नशे की हालत में घर आया तो पिता न नाराजगी जताई जिससे आवेश में आकर पुत्र ने टांगी से वार कर पिता को मौत के घाट उतार दिया। इतना ही नहीं पिता की हत्या करने के बाद पुत्र शव को घर के पानी टंकी में छिपा कर पहले तो बड़े आराम से बिरयानी खाया और फिर सो गया। इधर जब घटना की सूचना पर पुलिस ने युवक को पकड़ा और पूछताछ की तो युवक ने बाई मिस्टेक हत्या करने की बात कही। आज सुबह घटना की जानकारी लगते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई।

**खास बात**

■ हत्या के बाद शव को छिपाया था पानी टंकी में

जानकारी के अनुसार, बहेरापारा निवासी पारस केरकेट्टा (50 वर्ष) अपने अलग मकान में रहता था जबकि उसके घर के बीच दो किराए के मकान छोड़कर उसका पुत्र प्रभात केरकेट्टा उर्फ लेदा रहता है। बताया जा रहा है कि बीती रात करीब 11 बजे प्रभात शराब के नशे में घर पहुंचा। इस पर पिता पारस ने उसे डांटते हुए नाराजगी जताई। प्रारंभिक जांच में प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक शराब पीने के बात को लेकर दोनों के बीच विवाद बढ़ गया। पिता के नाराजगी जताने से गुस्से में आकर प्रभात ने घर में रखी टांगी निकाल ली और पिता के सिर पर कई बार वार कर दिया। गंभीर चोट लगने से पारस की मौके पर ही मौत हो गई। हत्या के बाद आरोपी ने शव को घर के बगल में बनी छोटी पानी की टंकी में डाल दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद वह पास की एक दुकान से बिरयानी लेकर घर आया और खाने के बाद कंबल ओढ़कर सो गया। इधर घटना की जानकारी लगते ही मणिपुर पुलिस तत्काल रात में घटनास्थल पहुंची। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ की और आरोपी के घर का दरवाजा खुलवाया लेकिन आरोपी ने दरवाजा नहीं खोला। किसी तरह पुलिस ने दरवाजा खोल सो रहे आरोपी पुत्र को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जहां उसने गुस्से में वारदात करना स्वीकार किया। आरोपी ने पुलिस को बताया कि यह घटना गुस्से में बाय मिस्टेक हो गई। सुबह जैसे ही घटना की जानकारी मोहल्ले में फैली, पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया। होलिका दहन की रात हुई इस हत्या ने त्योहार की खुशियों को मातम में बदल दिया। स्थानीय लोगों का कहना है कि परिवार में पहले से तनाव की स्थिति थी और आरोपी युवक अक्सर शराब के नशे में रहता था। बताया जा रहा है कि पारस केरकेट्टा के 6 पुत्र थे, जिनमें से दो की पूर्व में ही मृत्यु हो चुकी है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है.आगे की जांच जारी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। अधिकारियों का कहना है कि मामले की विस्तृत जांच के बाद ही पूरी परिस्थितियां स्पष्ट हो पाएंगी।

## एटक ने किया होली दहन एवं होली मिलन कार्यक्रम




**बिश्रामपुर।** नगर के लाल मैदान में एटक द्वारा सपरिवार होली मिलन का आयोजन किया गया, बुराई पर अच्छाई की जीत के साथ अनेकता में एकता का संदेश के तहत संयुक्त कोयला मजदूर संघ एटक द्वारा क्षेत्रीय कार्यालय के समक्ष स्थित लाल मैदान में 2 मार्च सोमवार को पारंपरिक हर्षोल्लास के साथ होलिका दहन एवं सपरिवार होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया,इस आयोजन में कोयला श्रमिकों के साथ-साथ उनके परिजनों और नगरवासियों ने बड़ी संख्या में शिरकत कर आपसी भाईचारे की मिसाल पेश की।कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्रीय महाप्रबंधक डॉ. संजय सिंह की उपस्थिति में हुआ,आयोजन में संगठन के अजय विश्वकर्मा केंद्रीय महासचिव,एटक,बी धर्माराव केंद्रीय उपमहासचिव,निर्मला यादव,राजेश यादव,एसकेपी शिंदे क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक,हरेन्द्र तिवारी,राजेंद्र गुप्ता उपस्थित रहे,होलिका दहन पश्चात वातावरण उत्सव के रंगों में सराबोर हो गया,आयोजन के दौरान महिलाओं और बच्चों के लिए विशेष प्रतियोगिताएं हुईं,खेलकूद और अन्य मनोरंजक गतिविधियों में बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया,सभी सफल प्रतिभागियों को अतिथियों के हाथों सम्मानित किया गया,समारोह को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय महाप्रबंधक डॉ संजय सिंह ने श्रमिकों के इस प्रयास की सराहना करते हुए संस्कृति और सामाजिक संबंधों को मजबूत करने वाला कदम बताया,केंद्रीय महासचिव अजय विश्वकर्मा ने वर्तमान सामाजिक परिवेश पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज के इस विद्वेषपूर्ण और तनावपूर्ण माहौल में होली जैसा त्योहार हमें अपनी कड़वाहट भुलाकर एक होने की प्रेरणा देता है। यह उत्सव केवल रंगों का मेल नहीं, बल्कि अनेकता में एकता का जीवंत संदेश है,आयोजन में एटक संगठन के पदाधिकारियों के साथ-साथ बड़ी संख्या में नगरवासी भी शामिल हुए।

■ बच्चों व महिलाओं के लिए आयोजित मनोरंजक प्रतियोगिता में विजेताओं को किया गया पुरस्कृत

## भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा

**सक्ती।** छीता पड़रिया जंगल जमीन में पिछले पच्चास वर्षों से काबिज और गरीबी रेखा से नीचे कि श्रेणी में जीवन यापन करने वाले अनुसूचित जाति के ग्रामीण 6 मार्च शुकवार को वन विभाग के अनुविभागीय अधिकारी के कार्यालय के परिसर के बाहर काबिज जंगल जमीन के पट्टे सहित अन्य मांगों के लिए भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के बेनर के नीचे धरना देंगे। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी शाखा - राजा भाठा - लवसरा की बैठक पिछले दिनों राजा भाठा में संपन्न हुई, जिसमे ब्रांच के लगभग सभी सदस्यों के द्वारा गांव के पास ही के छीता पड़रिया जंगल जमीन के एक किनारे में पच्चास वर्षों से अधिक समय से काबिज रह कर खेती करते आ रहे हैं जिसमें एक फसल ले पाते हैं जिससे परिवार का गुजर बसर मुश्किल होता है। दूसरे फसल लेने के लिए पानी की व्यवस्था नहीं है न ही काबिज जंगल जमीन का पट्टा है चूंकि सभी सदस्य अनुसूचित जाति के हैं और लगातार पट्टे की मांग भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के साथ मिलकर करते आ रहे हैं।

## डीलिस्टिंग महारैली को लेकर लुण्ड्रा में जनजाति समाज की कार्यशाला




**अम्बिकापुर।** जनजाति सुरक्षा मंच द्वारा खण्ड स्तरीय डीलिस्टिंग कार्यशाला का आयोजन पंचायत भवन लुण्ड्रा में किया गया। कार्यशाला में 24 मई को दिल्ली में होने वाली डीलिस्टिंग जनजाति गर्जना महारैली की तैयारियों पर चर्चा की गई। कार्यशाला में जशपुर प्रांत के सह संयोजक इंदर भगत ने कहा कि संविधान निर्माण के बाद से जनजाति समाज को अपेक्षित रखने के साथ ही उन्हें संवैधानिक अधिकार नहीं मिला है।

उन्होंने वर्षों पहले डीलिस्टिंग की मांग पहली बार संसद में रखने वाले बाबा कार्तिक उरांव के योगदान को याद करते हुए कहा कि समाज को दिशा दिखाने के बावजूद समाज आज भी अपने अधिकारों के लिए संघर्षरत है। जिला संयोजक बिहारी लाल उरांव ने कहा कि यह मुद्दा जनजातीय समाज के अस्तित्व, अधिकार और संवैधानिक संरक्षण से जुड़ा है। समाज को जागरूक, संगठित एवं एकजुट रहकर हमें अपने अधिकारों के लिए लड़ना होगा। जिस सह संयोजक पूरन सिंह टेकाम ने कहा कि हमने गांव स्तर से लेकर प्रदेश स्तर तक डीलिस्टिंग रैली किया है अब दिल्ली जाने की बारी है। खण्ड संयोजक हीरा सिंह टेकाम ने कहा कि पहले भी महारैली में लुण्ड्रा के हजारों जनजाति शामिल हुए हैं। इस बार दिल्ली की महारैली को लेकर लोगों में भारी उत्साह है। कार्यक्रम का संचालन ठाकुर दयाल पैकरा एवं आभार प्रदर्शन मंगल कोरवा ने किया। इस दौरान चमनलाल पैंकरा, अमरदेव पैकरा, सेवक सिंह, दिनेश एक्का, बालम साय सिंह, दलित कुमार, सोमर साय, महेश्वर पैंकरा, किशुन राम सहित बड़ी संख्या में समाज के सदस्य उपस्थित थे।

## शरारती तत्वों ने लगाई आग, गन्ने की फसल जलकर खाक



**बिश्रामपुर।** ग्राम कसकेला के पूर्व सरपंच राम प्रसाद पैकरा के ग्राम जुडवानी स्थित फार्म हाउस में सोमवार को आगजनी की घटना हुई है,दोपहर की तेज धूप के बीच अचानक उठी आग की लपटों ने करीब एक एकड़ में तैयार खड़ी गन्ने की फसल को कुछ ही मिनटों में राख में तब्दील कर दिया,घटना को अज्ञात असामाजिक तत्वों की करतूत बताया जा रहा है,जिससे किसानों में आक्रोश व्याप्त है। जानकारी के मुताबिक खेत में लगी गन्ने की फसल पूरी तरह तैयार थी,कटाई की तैयारी चल रही थी और आने वाले दिनों में उसे मंडी ले जाया जाना था,परिवार को अच्छी आमदनी की उम्मीद थी। लेकिन सोमवार दोपहर अचानक खेत की एक ओर से धुआं उठता दिखाई दिया। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और तेज हवा के कारण लपटें पूरे खेत में फैल गईं। ग्रामीणों का कहना है कि गन्ने की सूखी पत्तियों ने आग को और भड़काया, जिससे आग बुझाना बेहद मुश्किल हो गया। कुछ ही समय में हरे-भरे खेत की जगह राख का ढेर नजर आने लगा। बताया जा रहा है कि आग की चपेट में केवल फसल ही नहीं आई, बल्कि खेत में सिंचाई के लिए स्थापित ट्यूबवेल भी क्षतिग्रस्त हो गया। ट्यूबवेल में लगा स्टार्टर, विद्युत केबल, मोटर से जुड़ी तारें और खेत में बिछाई गई पाइप लाइन जलकर खाक हो गई। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार हजारों रुपए का नुकसान हुआ है,घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। बाल्टियों, मोटर पंप और उपलब्ध संसाधनों से आग बुझाने का प्रयास शुरू किया गया। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। ग्रामीणों का कहना है कि यदि कुछ देर और आग भड़कती रहती तो आसपास के अन्य खेत भी इसकी चपेट में आ सकते थे, जिससे काफी बड़ा नुकसान हो सकता था। पीड़ित किसान राम प्रसाद पैकरा ने घटना को सुनियोजित शरारत बताते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है। उनका कहना है कि फसल पूरी तरह तैयार थी और ऐसे समय में अचानक आग लगना संदेहास्पद है। उन्होंने लटोरी पुलिस से दोषियों की पहचान कर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। साथ ही उन्होंने शासन-प्रशासन से नुकसान का तत्काल सर्वे कराकर उचित मुआवजा देने की अपील की है, ताकि दोबारा खेती की व्यवस्था की जा सके।

■ किसान को हजारों रुपये का नुकसान, मोटर पंप, स्टार्टर भी क्षतिग्रस्त

**न्यायालय अपर कलेक्टर कोरबा एवं विवाह अधिकारी, जिला-कोरबा (छत्तीसगढ़)**

**//ईश्तहार//**

क्र./2639/वाचक/विवाह अधि कोरबा / 2025-26
कोरबा, दिनांक 23/02/2026
प्र.क्र.202602052900002/05/ब-121/25-26
ग्राम नगोईखार तहसील-दर्री, जिला-कोरबा (छ.ग.)

**आवेदक (वर) हेमंत कुमार** पिता सुखदेव साहू, उम्र-32 वर्ष, अविवाहित, जाति- तेली (अन्य पिछड़ा वर्ग), पता ग्राम परसाडीह, तहसील जैजेपुर थाना-जैजेपुर जिला-सक्ती (छ०ग०) एवं **आवेदिका (वधु) रानी साहू** पिता अलग राम साहू उम्र-31 वर्ष अविवाहित, जाति-तेली (अन्य पिछड़ा वर्ग) पता हाउस नं.-909, वार्ड नं.-52, नगोईखार, दर्री जमनीपाली, तहसील-दर्री जिला-कोरबा (छ०ग०) सहित अधिवक्ता द्वारा विशेष विवाह अधिनियम, 1954 के तहत आशयित विवाह हेतु इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त विवाह के संबंध में कोई आपत्ति/दावा आदि हो अथवा कुछ कहना हो तो वे प्रकरण में सुनवाई हेतु नियत पेशी दिनांक 23/03/2026 को 2:00 बजे तक उपस्थित होकर अपनी आपत्ति/दावा आदि प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति/दावा आदि पर कोई सुनवाई/विचार नहीं किया जावेगा और यह माना जावेगा कि आपको किसी को इस संबंध में कुछ नहीं कहना है और सुनवाई का कोई और अवसर दिये बिना प्रकरण में अग्रेत्तर कार्यवाही किया जावेगा।

**विवाह अधिकारी**
**जिला-कोरबा (छत्तीसगढ़)**

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त



# अंटार्कटिका में होगी वाराणसी की शूटिंग!

**मुंबई।** बॉलीवुड और तेलुगु सिनेमा के सबसे बड़े प्रोजेक्ट्स में से एक वाराणसी ने फिर से सुर्खियाँ बटोरी हैं। प्रियंका चोपड़ा के एक ट्वीट से फैंस में खलबली मच गई है। फैंस फिल्म वाराणसी के बड़े स्तर पर फिल्माए जाने की बात पहले से जानते हैं, लेकिन हाल ही में प्रियंका ने जो कहा, उससे एक्साइटमेंट और बढ़ गई है। अब लोग ये सोच रहे हैं कि क्या फिल्म की शूटिंग अंटार्कटिका में होगी। जब महेश बाबू ने प्रियंका की हाल ही में रिलीज हुई फिल्म द ब्लफ की तारीफ की और प्रियंका को 'टॉप फॉर्म' बताया, तो प्रियंका ने मजाकिया अंदाज में जवाब देते हुए लिखा, 'जल्द ही अंटार्कटिका में मिलते हैं।'

लाइफ Style

# नरगिस

## दुबई में सता रहा डर, नहीं आ रही नींद




अमेरिका और इजराइल के ईरान पर हमले के बाद से ही हर किसी के दिल में डर सा बैठ गया है। लगातार तबाही की खबरों ने सबको बेचैन कर दिया है। ऐसे में बॉलीवुड और साउथ फिल्म इंडस्ट्री की कई हस्तियां इस संकट में फंस गई हैं। जहां कई सेलेब्स हवाई यात्रा पूरी तरह से बंद होने के कारण एयरपोर्ट पर अटकी हुई हैं, वहीं नरगिस फाखरी जैसी एक्ट्रेस दुबई में 'हाई अलर्ट' की स्थिति में रहने पर बात कर रही हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

फिल्म 'रॉकस्टार' की एक्ट्रेस नरगिस फाखरी कथित तौर पर अपने पति टोनी बेग के साथ दुबई में रहती हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम स्टोरी पर ड्रोन और मिसाइल हमलों के खतरे के बीच अपनी मानसिक स्थिति के बारे में खुलकर बताया। नरगिस ने खुलासा किया कि उन्हें नींद नहीं आ रही है और लगातार अनिश्चितता के कारण उनका दिमाग 'हाई अलर्ट' पर है। इससे पहले एक इंस्टाग्राम स्टोरी में फाखरी ने लिखा था, 'पिछले दो दिन बहुत ही मुश्किल भरे रहे हैं।' एक और पोस्ट में, नरगिस फाखरी ने लिखा, 'चाहे कुछ भी हो जाए, चिंता और भय की यह भावना बनी रहती है क्योंकि आपको पता ही नहीं होता कि आगे क्या होने वाला है। नींद भी नहीं आती, दिमाग हमेशा अलर्ट रहता है। बहुत रात हो गई है और मैं पूरी तरह से जाग रही हूं।' वहीं, फेमस बंगाली एक्ट्रेस सुभाश्री गांगुली और उनका बेटा दुबई में फंसे लोगों में शामिल हैं। उनके पति, निर्देशक और तृणमूल कांग्रेस के विधायक राज चक्रवर्ती ने कोलकाता में मीडिया से इस स्थिति के बारे में बात की। राज ने बताया कि संघर्ष शुरू होने के समय सुभाषश्री अपने नाबालिग बेटे के साथ दुबई में छुट्टियां मना रही थीं। उन्होंने कहा, 'वे एक होटल में सुरक्षित हैं।

## हॉलीवुड मसाला



# दिल्ली- मुंबई में करेंगी परफॉर्म

**लॉस एंजिल्स।** करीब दो दशकों के बाद भारत में शकीरा को लेकर एक बार फिर से फैन्स के बीच चर्चा तेज हो गई है। ग्लोबल पॉप स्टार शकीरा एक बार फिर भारत में लाइव परफॉर्म करने के लिए यहां आ रही हैं। शकीरा के कॉन्सर्ट दिल्ली और मुंबई दोनों जगह होने हैं। आइए जानते हैं पॉप सिंगर के शो के लिए फ्रंट सीट के लिए आपको कितने रुपये खर्च करने होंगे। म्यूजिक और खासकर पॉप के फैन्स के लिए ये एक फेस्टिवल से कम नहीं। शकीरा भारत के दो शहरों मुंबई और दिल्ली में कॉन्सर्ट करने जा रही है।




# अवॉर्ड जीतने के बाद दी इमोशनल स्पीच

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड एक्टर माइकल बी जॉर्डन ने 2026 एक्टर अवार्ड्स में बड़ी जीत हासिल की है। उन्हें 'सिनर्स' में उनकी शानदार परफॉर्मेंस के लिए लीडिंग रोल में मेल एक्टर द्वारा आउटस्टैंडिंग परफॉर्मेंस का अवॉर्ड मिला। रयान कूगलर के निर्देशन में बनी इस फिल्म में माइकल बी जॉर्डन की दोहरी भूमिका है। अवॉर्ड लेने जब वे मंच पर पहुंचे तो उन्होंने अपनी मां के लिए इमोशनल स्पीच दी। माइकल ने अवॉर्ड लेते हुए अपने संघर्ष भरे दिनों को याद किया और उनका जिक्र किया। अभिनेता ने कहा, 'मॉम, मुझे न्यूयॉर्क लाने-ले जाने के लिए आपका बहुत शुक्रिया। हमारे पास जब हॉलैंड टनल से जाने के लिए पैसे नहीं थे, जब मैं अपने ऑडिशन के लिए वहां गया था। इसके लिए आपको बहुत शुक्रिया'।



# मां बनने के बाद बदला दीपिका का नजरिया

**मुंबई।** दीपिका पादुकोण ने मां बनने के बाद अपने 'टॉक्सिक ट्रेट' के बारे में खुलकर बात की है। उन्होंने कहा कि वह बेटी से ब्रेक की चाहती हैं। 24 घंटे शांति चाहती हैं, लेकिन उसके बिना रह भी नहीं सकती हैं। वह अपने बेटी दुआ से दूर नहीं रह सकती हैं। दीपिका पादुकोण ने वीडियो पर कैप्शन में लिखा, 'मैंने कह दिया! मेरा टॉक्सिक ट्रेट है कि मैं अपने बच्चे से इतना प्यार करती हूं कि मैं नहीं चाहती कोई और उसे देखे... लेकिन मुझे ब्रेक की बहुत जरूरत है... लेकिन मैं अपने बच्चे के बिना रह नहीं सकती... लेकिन मुझे 24 घंटे की शांति चाहिए... लेकिन मैं फिर भी 24/7 उसके साथ रहना चाहती हूं।' दीपिका पादुकोण ने मां बनने के बाद अपनी बेटी के बारे में कम लेकिन सोच-समझकर बात की है। उन्होंने मदरहुड को जिंदगी बदलने वाला, ग्राउंडिंग और बेहद भावुक अनुभव बताया है।



# सोहम की तुम्बाड-2 में हुई नवाजुद्दीन की एंट्री

**मुंबई।** तुम्बाड के प्रोड्यूसर सोहम शाह ने इसके दूसरे पार्ट को लेकर बड़ा अपडेट शेयर किया है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर कर एक खास कलाकार के इस प्रोजेक्ट से जुड़ने की जानकारी दी है। बता दें कि एक्टर नवाजुद्दीन सिद्दीकी अब 'तुम्बाड 2' में नजर आएंगे। इस बात की जानकारी खुद सोहम शाह ने दी है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर की, जिसमें वे नवाजुद्दीन सिद्दीकी के साथ नजर आए। उन्होंने पोस्ट के कैप्शन में लिखा- 'हमें इस बात की घोषणा करते हुए बहुत खुशी हो रही है कि हमारे समय के सबसे बेहतरीन एक्टर्स में से एक, नवाजुद्दीन सिद्दीकी 'तुम्बाड 2' फिल्म के साथ जुड़ गए हैं।' माना जा रहा है कि अपनी लेयर्ड, अनप्रेडिक्टेबल और इमोशनल एक्टिंग के लिए पहचाने जाने वाले नवाजुद्दीन फिल्म के सीक्वल में बहुत जरूरी रोल निभाएंगे।

## टीवी मसाला




# संकट में आईएएस अभिलाष की नौकरी, टूटे सारे रिश्ते

**नई दिल्ली।** भारत के सबसे लोकप्रिय एंटरटेनमेंट प्लेटफॉर्म, प्राइम वीडियो ने सोमवार को अपनी सुपरहिट हिंदी ड्रामा सीरीज ' एस्पिरेंट्स सीजन 3 ' की वर्ल्डवाइड रिलीज डेट 13 मार्च घोषित कर दी है। द वायरल फीवर ने इसे बनाया है और दीपेश सुमित्रा जगदीश ने डायरेक्ट किया है। इसमें नवीन कस्तुरिया, शिवांकित सिंह परिहार, अभिलाष थपलियाल, सन्नी हिंदुजा, नमिता दुबे और टेंगम सेलिन मुख्य रोल में हैं, और जतिन गोस्वामी नई एंट्री हैं। नया सीजन डीएम अभिलाष की कहानी दो टाइमलाइन में दिखाता है। अभी के समय में, संदीप ओझा द्वारा लगाए गए आरोपों के कारण अभिलाष के खिलाफ जांच शुरू हो जाती है, जिससे उसके दोस्तों और परिवार के साथ रिश्ते खराब होने लगते हैं और करियर पर भी संकट आ जाता है। वहीं पास्ट में, आईआरएस बनने के बाद, युवा अभिलाष आखिरी बार आईएएस की तैयारी करने का फैसला करता है। 'एस्पिरेंट्स सीजन 3' का प्रीमियर 13 मार्च को भारत और दुनिया भर में प्राइम वीडियो पर होगा। अमेजन प्राइम वीडियो इंडिया के कंटेंट लाइसेंसिंग डायरेक्टर, मनीष मेघानी ने कहा, 'प्राइम वीडियो पर हम दर्शकों के लिए ऐसी कहानियां लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो असलियत से जुड़ी हों और आज के समय को दर्शाती हों। एस्पिरेंट्स ने अपनी ईमानदारी से सपनों, महत्वाकांक्षाओं और जिम्मेदारियों को दिखाकर दर्शकों के साथ गहरा रिश्ता बना लिया है। द वायरल फीवर के साथ हमारे पुराने सहयोग ने हमें कई सीजन तक इस कहानी को जोश के साथ आगे बढ़ाने में मदद की है, और हम एस्पिरेंट्स का अगला चैप्टर भारत और दुनिया भर के दर्शकों के सामने लाने के लिए बहुत खुश हैं।'


## 150 बच्चों को 11 रुपए में पढ़ाया

**नई दिल्ली।** 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के चौथे सीजन के पहले एपिसोड के रिलीज होने की तैयारी के साथ ही लोगों में उत्साह बढ़ता जा रहा है। इस नए एपिसोड ने अपनी स्टार-स्टडेड गेस्ट लिस्ट की वजह से सबका ध्यान खींचा है, जिसमें खान सर, अलख पांडे और नितिन विजय जैसे शिक्षक शामिल हैं। इतने लोकप्रिय कलाकारों के साथ, दर्शक मजेदार बातचीत, पर्दे के पीछे की कहानियों और खूब हंसी-मजाक की उम्मीद कर सकते हैं। यह एपिसोड नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो चुका है।



इंटरनेट पर छा रहे एक वीडियो में खान सर ने बताया है कि उन्होंने इतने सारी बच्चों को पढ़ाया है कि देश के हर डिपार्टमेंट में उनका पढ़ाया बच्चा है। खान सर ने कहा, 'मुंबई रेलवे स्टेशन पर 100-150 बच्चे जॉब कर रहे हैं, जिनको 11 रुपए में हमने पढ़ाया है लॉकडाउन में। उस 11 रुपए में करवाई गई पढ़ाई की नतीजा है कि आज कोई भी डिपार्टमेंट ऐसा नहीं है देश का जहां मेरा पढ़ाया हुआ बच्चा नहीं है।' ऑनलाइन क्लास का क्या फायदा है, बताते हैं, अभी वो आ नहीं पाए यहां जीशान, वो बैंड पार्टी में गाना गाते थे।

# एलनाज, मंदाना समेत कई ईरानी एक्ट्रेस ने कमाया नाम








**मुंबई।** ईरानी मूल की बॉलीवुड एक्ट्रेस एलनाज नोरौजी ने रविवार को सोशल मीडिया के जरिए ईरान के नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत पर खुशी जाहिर की। इस वजह से वह खबरों में आ गईं। हम आपको बता रहे हैं कि एलनाज नोरौजी के अलावा बॉलीवुड में ईरानी मूल के एक्टर्स कौन-कौन हैं।

**एलनाज नोरौजी** : एलनाज नोरौजी लगभग 9 साल से बॉलीवुड में सक्रिय है, वह ईरानी हैं। बॉलीवुड फिल्मों में अपने अभिनय और डांस के लिए जानी जाती हैं। वह क्राइम थ्रिलर सीरीज सेक्रेड गेम्स के अलावा कई बॉलीवुड फिल्मों में नजर आ चुकी हैं।

**मंदाना करीमी** : एलनाज नोरौजी के अलावा मंदाना करीमी भी ईरान से संबंध रखती हैं। वह चर्चित मॉडल रही हैं। मंदाना करीमी भी बॉलीवुड फिल्मों में अभिनय कर चुकी हैं। भाग जॉनी और क्या कूल हैं हम 3 जैसी फिल्मों में उन्होंने एक्टिंग की है।

**सज्जाद डेलाफ्रूज** : सज्जाद डेलाफ्रूज एक ईरानी एक्टर हैं। वह हिंदी फिल्मों में भी नजर आए हैं। सलमान खान की फिल्म टाइगर जिंदा है में उन्हें देखा गया था। इसके अलावा वह सीरीज स्पेशल ऑप्स में भी दिखाई दिए थे।

**जॉन अब्राहम और बोमन ईरानी का भी ईरान से नाता** : बोमन ईरानी और जॉन अब्राहम बॉलीवुड के नामी एक्टर्स हैं। इनका भी ईरान से गहरा नाता है। जॉन अब्राहम का जन्म मुंबई में हुआ, उनके पिता केरल के मलयाली सीरियन क्रिश्चियन हैं और मां ईरानी जोरोस्ट्रियन हैं। वहीं, बोमन ईरानी का जन्म मुंबई के एक ईरानी जोरोस्ट्रियन परिवार में हुआ था। इन दोनों एक्टर्स की जड़े ईरान से जाकर जुड़ती हैं।

# ईरान की कई फिल्मों को मिला ऑस्कर अवॉर्ड तीन को मिला नामांकन, दुनियाभर में सराहा गया

**नई दिल्ली।** इन दिनों ईरान में बुरे हालात हैं। शनिवार को अमेरिका और इस्राइल ने मिलकर ईरान पर हमला कर दिया। इसके बाद ईरान ने भी जवाबी हमले किए। ईरान फिल्मों के लिहाज से बहुत समृद्ध है। यहां कई बेहतरीन फिल्में बनी हैं। कई फिल्मों को दुनियाभर में सराहा गया है। ईरान की कई फिल्मों को ऑस्कर अवॉर्ड मिले हैं। कुछ फिल्में ऑस्कर में पहुंची।





***चिल्ड्रन ऑफ हेवन ऑस्कर के लिए नामांकित*** : साल 1997 में रिलीज हुई फिल्म 'चिल्ड्रन ऑफ हेवन' साल 1999 में ऑस्कर अवॉर्ड के लिए नामांकित हुई थी। इसके निर्देशक माजिद मजीदी हैं। इसे सबसे अच्छी विदेशी भाषा की फिल्म कैटेगरी में नामांकन मिला। इस फिल्म में भाई-बहन की कहानी दिखाई गई है, जो गरीबी में एक दूसरे की मदद करते हैं। 2010 में रिलीज हुई बॉलीवुड फिल्म 'बम बम बोले' इसी से प्रेरित है।

***ए सेपरेशन ने जीता ऑस्कर*** : फिल्म 'ए सेपरेशन' साल 2011 में रिलीज हुई थी। साल 2012 में यह फिल्म ऑस्कर अवॉर्ड जीतने में कामयाब रही थी। फिल्म को सबसे अच्छी पटकथा के लिए अवॉर्ड मिला था। यह ईरान की सबसे पहली फिल्म थी जिसे यह अवॉर्ड मिला था। इसके निर्देशक असगर फरहदी थे। फिल्म में पति-पत्नी के रिश्ते के बीच तनाव दिखाया गया है। इसके अलावा एक प्रेग्नेंट महिला का संघर्ष दिखाया गया है।

***द सेल्समैन को मिला ऑस्कर*** : फिल्म 'द सेल्समैन' साल 2016 में रिलीज हई थी। इस फिल्म का निर्देशन असगर फरहदी ने किया था। इसे सबसे अच्छी विदेशी भाषा की फिल्म की कैटेगरी में अवॉर्ड मिला था। इसमें एक कपल की कहानी दिखाई गई है, जो पहले अच्छे से रहते हैं, लेकिन नए अपार्टमेंट में शिफ्ट होने के बाद उनके बीच तनाव पैदा हो जाता है।

## 15 वर्षों में पहली बार है, जब सिनेमाघरों में होली पर कोई फिल्म नहीं हो रही है रिलीज

# होली पर खाली रहेगा बॉक्स ऑफिस, ईद पर होगी दो फिल्मों में भिड़ंत

*__नई दिल्ली।__ इस होली पर 15 वर्षों का रिकॉर्ड टूटने वाला है। साल 2011 के बाद यह पहली बार है, जब होली के मौके पर कोई फिल्म नहीं रिलीज होगी। सिनेमा प्रेमी अक्सर त्योहारों पर सिनेमाघरों में जाना पसंद करते हैं। चार मार्च को होली है। इस मौके पर कोई भी बॉलीवुड फिल्म नहीं रिलीज हो रही है। 15 वर्षों में यह पहली बार है, जब सिनेमाघरों में होली पर कोई फिल्म रिलीज नहीं हो रही है। होली के कुछ ही दिनों बाद ईद है। ईद के मौके पर दो बड़ी फिल्में रिलीज होने वाली हैं।*

### क्या ईद की वजह से होली पर नहीं आ रही फिल्म?

अक्सर ऐसा होता है कि बड़े त्योहारों पर कोई बड़ी फिल्म रिलीज होती है। हालांकि इस होली पर ऐसा नहीं हो रहा है। दर्शकों को यह काफी खटक रहा है। कई लोगों का कहना का इस बार होली पर फिल्म रिलीज न होने की वजह यह है कि ईद पर दो बड़ी फिल्में 'धुरंधर' और 'टॉक्सिक' रिलीज हो रही हैं।

### सिनेमाघरों के लिए मुश्किल समय

साल 2011 के बाद यह पहली बार है जब बड़े पर्दे पर होली के मौके पर कोई बड़ी फिल्म नहीं रिलीज हो रही है। बताया जाता है कि सिनेमाघरों के लिए खुद का खर्च निकालना मुश्किल हो रहा है। इन दिनों सिनेमाघरों में 'द केरल स्टोरी 2' चल रही है। यह फिल्म उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पा रही है। 'ओ रोमियो' भी थकने लगी है। 'अस्सी' को दर्शक देखने को नहीं तैयार हैं।





### होली पर आईं हिट फिल्में

पिछले कुछ वर्षों में होली के मौके पर रिलीज हुई फिल्मों ने अच्छा प्रदर्शन किया है। जिन फिल्मों ने होली के मौके पर सिनेमाघरों में अच्छा प्रदर्शन किया है, उसमें तू झूठी मैं मक्कार (2023), केसरी (2019), बद्रीनाथ की दुल्हनिया (2017) और कहानी (2012) शामिल हैं

### फिल्म मेकर्स में ईद को लेकर दौड़

19 मार्च यानी ईद के मौके पर फिल्म 'धुरंधर 2' और 'टॉक्सिक' रिलीज होने वाली हैं। ये दोनों बड़ी फिल्में हैं, इसलिए इस डेट के आस-पास सभी फिल्मों ने अपनी रिलीज डेट बदल दी है। कुछ लोग इस बात से नाराज हैं कि दोनों फिल्में ईद पर रिलीज हो रही हैं। उनका मानना है कि अगर इन फिल्मों के मेकर्स में ईद को लेकर होड़ न होती तो एक फिल्म होली पर रिलीज हो सकती थी।

### होली पर फ्लॉप फिल्में...

ऐसा भी नहीं है कि होली पर सिर्फ हिट फिल्में ही आई हैं। इस मौके पर रिलीज हुई कई फिल्में फ्लॉप भी रही हैं। इसमें अजय देवगन की फिल्म हिम्मतवाला (2013) का नाम आता है। इसके अलावा अक्षय कुमार की फिल्म बच्चन पांडे (2022) भी शामिल है।

### 2011 में क्यों नहीं रिलीज हुई फिल्म

साल 2011 में होली के मौके पर कोई फिल्म इसलिए रिलीज नहीं हुई थी, क्योंकि तब क्रिकेट वर्ल्ड कप था। इसी तरह से 2003 में भी होली के मौके पर क्रिकेट वर्ल्ड कप की वजह से फिल्म नहीं रिलीज हुई थी। वर्ल्डकप के वक्त कम ही लोग सिनेमाघरों में जाते हैं।

## क्राइम की खबरें

### अज्ञात वाहन की टक्कर से किशोर की मौत

**कोरबा।** पड़ोसी जिला जांजगीर चांपा नैला के ग्राम बिरकोनी निवासी संस्कार रात्रे 14 वर्ष पिता रवि रात्रे अपने एक अन्य साथी के साथ मोटरसाइकिल में सवार होकर उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत बरपाली इलाज कराने के लिए आया हुआ था कि इसी दौरान बरपाली के पास पहुंचे थे कि उनकी मोटरसाइकिल को किसी अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दिया था जिससे संस्कार रात्रे गंभीर रूप से घायल हो गया था हादसे के बाद संस्कार को उपचार के लिए जिला मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया था जहां इलाज के दौरान संस्कार की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

### दुकान का छज्जा तोड़कर चोरी, मामला दर्ज

**कोरबा।** सीएसईबी पुलिस चौकी से चंद कदम की दूरी पर स्थित एक चाय दुकान में बीती रात हुई सेंधमारी ने पुलिस की मुस्तैदी पर सवाल खड़ा कर दिया है। अज्ञात चोरों ने बेखौफ अंदाज में दुकान का छज्जा तोड़कर भीतर प्रवेश किया और पान मसाला सहित अन्य सामान पर हाथ साफ कर फरार हो गए। दुकान संचालक अशोक सिंह ने बताया कि वे सुबह रोज की तरह दुकान खोलने पहुंचे तो नजारा देख दंग रह गए। छज्जा टूटा हुआ था, अंदर सामान बिखरा पड़ा था और पान मसाला के कई पैकेट गायब थे। साफ जाहिर है कि चोर आराम से वारदात को अंजाम देकर निकल गए। सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब पुलिस चौकी बिल्कुल पास में है, तब भी चोरों के हौसले इतने बुलंद कैसे हो गए? होली पर्व को लेकर हाल ही में पुलिस ने फ्लैग मार्च निकालकर असामाजिक तत्वों को चेतावनी दी थी, लेकिन हकीकत में सुरक्षा व्यवस्था कितनी मजबूत है, यह घटना खुद बयान कर रही है।स्थानीय व्यापारियों में आक्रोश है। उनका कहना है कि यदि चौकी के पास ही दुकानों में चोरी होने लगे तो आम लोग किस पर भरोसा करें। व्यापारियों ने रात गश्त बढ़ाने और आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है।

### शराब दुकान के समीप घायल मिले अधेड़ की मौत

**कोरबा।** टीपी नगर शराब दुकान के समीप उस वक्त हड़कंप मच गया, जब एक अधेड़ सड़क किनारे पड़ा मिला। वह नशे में चूर था। उसे आनन फानन इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने परीक्षण उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई की है। बताया जा रहा है कि कोतवाली अंतर्गत पुरानी बस्ती धनुहार पारा में संतु उर्फ संतोष यादव 52 वर्ष निवास करता था। उसे छोड़ पत्नी और बच्चे अन्यत्र रह रहे थे। संतु अकेला ही रह रहा था। वह नशे का आदी हो चुका था। नशे की हालत में घूमते फिरते रहता था। रविवार की रात करीब 8 बजे टीपी नगर शराब दुकान की ओर आया हुआ था। नशे में होने के कारण शराब दुकान के समीप ही गिर गया था। उसे कुछ परिचितों ने इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल दाखिल कराया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### भालू के हमले से मौत, वन विभाग ने दी सहायता राशि

**कोरबा।** कटघोरा वन मंडल के केंदई रेंज में बकरी चराने गए युवक पर भालू ने अचानक हमला कर दिया हमले में युवक बुरी तरह से घायल जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वन विभाग ने मृतक के परिजन को 25 हजार रुपए की सहायता राशि दी है। वन विभाग के अनुसार घटना रविवार सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे के बीच की है। ग्राम पंचायत घुंचापुर के भुजंग कछार सलई गोट निवासी संतोष कुमार गोंड (26) रविवार की सुबह 11 बजे बकरी चराने जंगल गया था। कोटा नाला जंगल में उस पर भालू ने हमला कर दिया। जान बचाने के लिए वह भी भालू से भिड़ गया। भालू ने उसके सिर और चेहरे को नोच डाला, जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। संतोष के घर नहीं लौटने पर परिजन ने अनहोनी की आशंका से सरपंच प्रतिनिधि शनिचराम को जानकारी दी। सरपंच ने वन विभाग को बताया। वन विभाग की टीम के साथ ग्रामीणों ने जंगल में उसकी खोज-बीन की। रात 1.30 बजे सखोदा जंगल में संतोष का शव मिला। रेंजर ने बताया प्रारंभिक जांच में पता चला है कि युवक की भालू के साथ काफी देर तक मुठभेड़ हुई थी। परिजन को 5 लाख 75 हजार और सहायता राशि दी जाएगी।

# होलिका दहन पर जिले में 120 लोगों के विरुद्ध हुई प्रतिबंधात्मक कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

होली पर्व के मद्देनजर पुलिस लगातार सड़कों पर हैं और तीन सवारी चलने वाले सहित अपराधियों पर नकेल कसने का प्रयास कर रही है। होलिका दहन के बाद अब पुलिस को होली उत्सव को शांतिपूर्ण संपन्न कराना चुनौती है। पुलिस लगातार चौक चौराहों पर नजर आ रही है और पुलिस की विशेष अभियान निरंतर जारी है। होलिका दहन के दिन 120 लोगों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की है।

जिले में अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण एवं अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस के मार्गदर्शन में होली पर्व के मद्देनजर शहर एवं आसपास के क्षेत्रों में विशेष चेकिंग एवं कसावट अभियान चलाया गया। सजग कोरबा, सतर्क कोरबा अभियान के अंतर्गत पुलिस द्वारा शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु असामाजिक तत्वों, गुंडागर्दी एवं रात्रि में अड्डेबाजी करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की गई। इसी कड़ी में धारा 170 बीएनएसएस के अंतर्गत 22 असामाजिक तत्वों को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत कर जेल भेजा गया। धारा 126, 135 बीएनएसएस के तहत 120 व्यक्तियों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई। अवैध रूप से कच्ची महुआ शराब रखकर बिक्री करने वाले 17 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया, जिनके कब्जे से 46 लीटर कच्ची महुआ शराब जप्त की गई तथा उनके विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत वैधानिक कार्यवाही की गई। चेकिंग अभियान के दौरान मोटर व्हीकल एक्ट के अंतर्गत 121 वाहन चालकों पर कार्यवाही की गई। इसमें बिना नंबर प्लेट, तीन सवारी, शराब पीकर वाहन चलाने एवं अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्यवाही किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त 17 गिरफ्तारी वारंट एवं 13 स्थायी वारंट सहित कुल 30 वारंटियों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

## 17 गिरफ्तारी वारंट व 12 स्थायी वारंटी हैं शामिल

**खास बात**

- गुंडागर्दी एवं अड्डेबाजी करने वाले 22 व्यक्तियों के साथ 52 लोगों को भेजा गया जेल



## एक क्लिक में छात्रों के शैक्षणिक रिकार्ड की मिलेगी जानकारी

# छात्रों की अपार आईडी बनाने अब घर घर पहुंच रही टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छात्रों के संपूर्ण शैक्षणिक डाटा को एक आईडी में संकलित करने के लिए अपार नाम से आईडी बनाने का काम पिछले जुलाई महीने से जिले के स्कूलों में चल रहा है। चालू शैक्षणिक सत्र के समाप्त होने के पूर्व अपार आईडी बनाने के लिए टीम अब घर घर पहुंच रही है। इसके लिए स्कूल के शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है।

**खास बात**

- ड्राप आउट छात्रों की हो सकेगी पहचान

जिले में अपार आईडी बनाने का काम लगभग पूर्णता की ओर है। शिक्षा विभाग के अनुसार प्रदेश के अन्य जिलों की तुलना में जिले में अपार आईडी बनाने के कार्य में तेजी से काम हुआ है। इसके लिए प्राइमरी और मीडिल स्कूल में ज्यादा फोकस किया गया। इन दोनों स्कूलों के शिक्षकों को अपार आईडी बनाने की जिम्मेदारी दी गई। शिक्षा विभाग के मुताबिक 12 अंकों की अपार आईडी बनाने का काम 93 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है। जिले में प्राइमरी और मीडिल स्कूल में दर्ज छात्रों की संख्या 1 लाख 25 हजार से अधिक हैं। इस अपार आईडी में छात्रों के संपूर्ण शैक्षणिक रिकार्ड अपडेट रहेंगे और छात्रों को किसी भी उच्च शिक्षण संस्थान में प्रवेश लेने के दौरान आने वाली दस्तावेजी व्यवहारिक कठिनाईयों का सामना नहीं करना पड़ेगा। शैक्षणिक सत्र समाप्त होने के पूर्व सभी छात्रों के अपार आईडी बनाने के लिए स्कूलों में शिविर भी लगाए गए और अब ऐसे छात्र जो किन्हीं कारणवश अपार आईडी के काम से वंचित हो गए हैं। ऐसे छात्रों के घर अब टीम पहुंच रही है।




### सत्र के बीच पढ़ाई छोड़ने वाले छात्रों की होगी पहचान

शिक्षण संस्थान में प्रवेश लेने के बाद पढ़ाई छोड़ने वाले छात्रों को ड्रॉप आउट माना जाता है। ऐसे छात्रों को खोजकर शिक्षा के मुख्यधारा से जोड़ना विभाग के लिए चुनौती हो जाती है। अपार आईडी के माध्यम से सत्र के दौरान पढ़ाई छोड़ने वाले छात्रों की आसानी से पहचान हो सकेगी और उनको शिक्षा के मुख्यधारा से जोड़ा जा सकेगा। पूर्व में ड्रॉपआउट बच्चों की पहचान के लिए सरकार को सर्वशिक्षा अभियान चलाना पड़ा था जिसमें बड़ी राशि खर्च हुई थी।

### कामकाजी परिवार के बच्चे रहते हैं वंचित

अक्सर पढ़ाई से ऐसे बच्चे वंचित रह जाते हैं जिनके मां बाप मजदूरी करने के लिए जिले से बाहर अन्य राज्यों की ओर पलायन कर जाते हैं और साथ में बच्चों को भी सुरक्षा के मद्देनजर अपने साथ ले जाते हैं। ऐसे बच्चे ही सत्र के बीच में पढ़ाई छोड़ते हैं और वर्तमान में चले अपार आईडी बनाने के अभियान से वंचित रह जाते हैं। इन बच्चों के अपार आईडी बनाने के का काम शिक्षकों के साथ साथ पंचायत को भी सौंपा जा रहा है।

### अपार आईडी की मुख्य बातें


0 इस अभियान का मुख्य उद्देश्य वन नेशन वन स्टूडेंट के रिकार्ड तैयार करने के लिए किया जा रहा है। यह अपार आईडी छात्रों की शैक्षणिक खाता रजिस्ट्री होगी।
0 इस अपार आईडी को यू डाइस प्लस पोर्टल के माध्यम से आधार कार्ड से जोड़ने का कार्य चल रहा है और इसी तकनीकी कार्य से छात्रों का आधार और अपार आईडी के रिकार्ड अपडेट होंगे।
0 अपार आईडी बनने के बाद छात्रों को भविष्य में किसी भी शिक्षण संस्थान में उच्च शिक्षा के लिए तथा नौकरी के लिए दस्तावेज की जरुरत नहीं पड़ेगी।

### काम पूर्ण होने की स्थिति में

अपार आईडी बनाने का काम जिले में चल रहा है और लगभग 93 प्रतिशत छात्रों की अपार आईडी बन चुकी है और यह कार्य पूरा होने की स्थिति में है। महीने के अंतिम तिथि तक यह कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा।

-टी पी उपाध्याय
जिला शिक्षा अधिकारी

# जंगल से पेड़ों की जी रही थी तस्करी वन विभाग ने तस्करों को दबोचा


जप्त लकड़ी से भरा पिकअप।

**खास बात**

- कोरबा वन मंडल के करतला वन परिक्षेत्र का मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

करतला वन परिक्षेत्र से पेड़ों की अवैध कटाई कर उसे खपाने के लिए ट्रक में लोड कर तस्कर जा रहे थे इस बीच वन अमले की टीम ने घेराबंदी की और लड़की तस्कर करने वाले गिरोह के सदस्यों को धरदबोचा है। आरोपियों के खिलाफ अवैध परिवहन का मामला दर्ज किया गया है।

मामला करतला वनपरिक्षेत्र के बरपाली बीट के ग्राम सण्डैल में लकड़ी तस्करों द्वारा हरे भरे पेड़ को काटकर एक ट्रक लकड़ी लोड किया जा रहा था। जिसकी सूचना वन विभाग के अधिकारियों को मिलने पर उप वनमंडलाधिकारी एसके सोनी द्वारा मौके पर टीम गठित कर धावा बोला गया और मौके पर टाटा माजदा गाड़ी में लकड़ी लोड कर रहे लोगों से पूछताछ किया गया तथा दस्तावेज की मांग की गई। कोई वैध दस्तावेज नहीं मिलने पर लकड़ी लोड करते हुए टाटा माजदा गाड़ी क्रमांक सीजी 16 सीजे 1651 को लकड़ी सहित पकड़ा गया और जब्त कर कार्यवाही के लिए कोरबा डिपो भेज दिया गया। मामले में बिलासपुर पचपेड़ी निवासी अक्षय कुमार पिता बीरसिंह के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर जांच में लिया गया है। गठित टीम में प्रभारी वनपरिक्षेत्र अधिकारी श्रीमती अर्चना पैकरा, कपिल कुमार कंवर, हरिनारायण बंजारे, विजेंद्र नेटी, चंद्रशेखर कंवर, प्रतीक तिवारी का विशेष योगदान रहा।

# वार्डों व बस्तियों में हो रहे सफाई कार्यों को पूरी गंभीरता से करें : पाण्डेय

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


बैठक लेते निगम आयुक्त।

निगम के पं.जवाहरलाल नेहरू सभागार स्थित एम.आई.सी. कक्ष में आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने निगम के अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। उल्लेखनीय है कि आयुक्त आशुतोष पाण्डेय के दिशा निर्देशन में नगर निगम द्वारा विगत 25 फरवरी से वार्ड व बस्तियों में मेगा स्वच्छता ड्राईव संचालित कर वृहद स्तर पर साफ-सफाई के कार्य एक अभियान के रूप में संचालित कराए जा रहे हैं।

आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि स्वच्छता महाअभियान के तहत विभिन्न वार्डो व बस्तियों में संचालित किये जा रहे साफ-सफाई कार्यो पर पूरी गंभीरता से कार्य करें। आयुक्त श्री पाण्डेय ने जोनवार स्वच्छता महाअभियान की समीक्षा करते हुये जोन में साफ-सफाई एवं अन्य कार्यो की आवश्यकताएं है, उसकी कार्ययोजना बनाकर मेरे समक्ष प्रस्तुत करें तथा उन पर शीघ्र ही आवश्यक कार्यवाही की जाएगी तथा प्रत्येक वार्डो में पी.एम.सूर्यघर कनेक्शन योजना के संबंध में वार्ड के जनप्रतिनिधियों से संपर्क करे कनेक्शन हेतु लगवाना सुनिश्चित करायें। उन्होने अधिकारियों कहा से कहा है कि निगम क्षेत्र में कराये जा रहे विकास व निर्माण कार्यो में अपेक्षित गति लाने, नागरिक सेवाओं व सुविधाओं से जुडे. कार्यो का संपादन पूर्ण निष्ठा के साथ किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। आयुक्त श्री पाण्डेय ने राज्य शासन द्वारा सभी विभागों में डिजिटल ई-फाईलिंग लागू किया गया है, इसी तारतम्य में हमारे नगर निगम में डिजिटल फाईलिंग लागू किया गया है, जिस में विभिन्न प्रकार के राजस्व वसूली, जलकर, सम्पत्तिकर, अन्य प्रकार के वसूली हेतु डिमांड नोट व बिल जारी कर सकते है तथा हमें स्मार्ट सिटी की ओर अग्रसर होना है, जिसमें जोन कमिश्नरों को अवैध निर्माण हेतु ई-नोटिस जारी कर सकते हैं, विज्ञापन होर्डिंग के साथ-साथ अन्य 28 प्रकार के सुविधाएं उपलब्ध कराये जायेंगे तथा समयावधि में संबंधित कार्य पूर्ण किये जायेंगे।

### राजस्व वसूली कार्यो की समीक्षा

आयुक्त श्री पाण्डेय ने निगम के राजस्व वसूली कार्यो की कार्यप्रगति की जोनवार समीक्षा की, उन्होने राजस्व वसूली में और अधिक तेजी लाकर 31 मार्च से पूर्व निर्धारित किए गए लक्ष्य को प्राप्त करने तथा इस हेतु आवश्यक कदम उठाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होने निगम द्वारा संचालित शासन की विभिन्न पेंशन योजनाओं की समीक्षा की तथा हितग्राहियों को समय पर पेंशन का लाभ प्राप्त हो, इस संबंध में अधिकारियों का मार्गदर्शन किया। आयुक्त श्री पाण्डेय ने बैठक के दौरान निगम द्वारा किए जा रहे विकास व निर्माण कार्यो की कार्यप्रगति की जोनवार व मदवार समीक्षा की तथा कार्यो में अपेक्षित गति लाने के निर्देश दिए। उन्होने विभिन्न मदों के अंतर्गत कराये जा रहे पी.एम.श्रीस्कूल, आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण एवं विभिन्न निर्माण व विकास कार्यो के प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए।

# छात्रा की फंदे में मिली लाश, जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कक्षा ग्यारहवीं में अध्यनरत एक 16 साल की छात्रा ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली है। छात्र ने किन कारणों के चलते यह आत्मघाती कदम उठाया है यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। घटना स्थल से पुलिस ने सुसाइड नोट बरामद किया है। जिसमें युवती ने अपने स्वयं की मर्जी से यह आत्महत्या कदम उठाने का जिक्र किया है। पुलिस ने घटना स्थल से सुसाइड नोट व मोबाइल को जप्त कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है, जांच के बाद भी मामला पूरी तरह से स्पष्ट होगा कि छात्रा ने आखिर किन कारणों के चलते आत्मघाती कदम उठाया है।

**खास बात**

- सिविल लाईन थाना क्षेत्र का मामला, घटना स्थल से मिला सुसाइड नोट

जानकारी के अनुसार सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस लाइन में साक्षी उरांव उम्र 16 साल पिता प्रेम सिंह कंवर रिस्दी स्थित पुलिस लाईन में अपने मामा के घर रहकर पढ़ाई करती थी और उसके साथ उसकी मां भी रहती थी। बताया जाता है कि वह शहर एक निजी स्कूल में कक्षा 11वीं की छात्रा थी और सोमवार की देर शाम छात्र ने अपने घर में फांसी के फंदे पर झूल गई थी जब उसके परिजन मौके पर पहुंचे तो उनके होश उड़ गए। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस घटना स्थल पहुंची और वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर जांच में जुट गई है। घटना स्थल से एक पुलिस को सुसाइड नोट मिला है जिसमें छात्र ने अपनी मर्जी से यह आत्मघाती कदम उठाने का जिक्र किया है। साथ ही कोरबा में ही कफन दफन करने की बात कही है। पुलिस मामले में बारीकी से जांच कर रही है। जांच के बाद मामला स्पष्ट होगा कि आखिर छात्रा ने किन कारणों के चलते यह आत्मघाती कदम उठाया है। बताया जाता है कि साक्षी के पिता केंदई में शिक्षक हैं।




## बच्चों को क्लब के सदस्यों ने बांटे रंग और पिचकारी

# लायन्स क्लब कटघोरा छुरी ने गरीब बच्चों संग मनाई रंग भरी होली

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

सामाजिक सेवा के क्षेत्र में अग्रणी संस्था लायन्स क्लब कटघोरा छुरी द्वारा होली के पावन अवसर पर दूरस्थ अंचल पौड़ी उपरोड़ा विकास खण्ड के तानाखार पंचायत के गरीब गांव पचभैया पारा एवं खुटरीगढ़ स्तिथ भारत भवन छात्रावास में जरूरतमंद बच्चों के साथ रंगों का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया कार्यक्रम में डिस्ट्रिक्ट पीआरओ अजय धनोंदिया क्लब अध्यक्ष मनोज अग्रवाल,कोषाध्यक्ष राकेश गोयल,उपाध्यक्ष नरेंद्र अग्रवाल विशेष रूप से उपस्थित रहे।

क्लब सदस्यों ने पचभैया पारा व भारत भवन पहुंचकर गरीब एवं जरूरतमंद बच्चों को होली की सामग्री, गुलाल, पिचकारी, टोपी, रंग, बाजा तथा मिष्ठान का वितरण किया। बच्चों के चेहरों पर रंगों के साथ-साथ खुशियों की चमक साफ दिखाई दे रही थी। कार्यक्रम का उद्देश्य उन बच्चों तक त्योहार की खुशियां पहुंचाना था, जो संसाधनों के अभाव में त्योहारों का आनंद नहीं ले पाते। इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट पीआरओ अजय धनोंदिया ने कहा कि होली केवल रंगों का नहीं, बल्कि आपसी प्रेम, भाईचारे और सद्भाव का पर्व है। उन्होंने कहा कि लायन्स क्लब सदैव समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारा प्रयास है कि कोई भी बच्चा त्योहार की खुशियों से वंचित न रहे। जरूरतमंद बच्चों के चेहरों पर मुस्कान लाना ही हमारे लिए सबसे बड़ा उत्सव है। क्लब अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने कहा कि लायन्स क्लब कटघोरा छुरी समय-समय पर सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यक्रम आयोजित करता रहा है। शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सेवा के क्षेत्र में क्लब की निरंतर सक्रिय भूमिका रही है। उन्होंने कहा, होली का यह पर्व हमें आपसी भेदभाव मिटाकर एक-दूसरे के जीवन में रंग भरने की प्रेरणा देता है। आज इन बच्चों के साथ होली मनाकर हम स्वयं को धन्य महसूस कर रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने उत्साहपूर्वक रंग खेला, मिष्ठान ग्रहण किया और क्लब सदस्यों का आभार व्यक्त किया। पूरे वातावरण में उत्साह, उमंग और आत्मीयता का माहौल रहा। लायन्स क्लब कटघोरा छुरी की इस पहल की क्षेत्रवासियों ने सराहना की है।


बच्चों व ग्रामीणों के साथ उपस्थित क्लब के सदस्य।

